टीओआर(एनएचएसआरसी द्वारा प्रस्तावित)
जिला एईएफआई परामर्शदाता, राष्ट्रीय एईएफआई निगरानी कार्यक्रम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पूर्णत: संविदा के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

परियोजना सार:

भारत में वर्ष 1988 में एईएफआई निगरानी कार्यक्रम आरंभ हुआ था तथा वर्ष 2005 में एईएफआई निगरानी दिशा निर्देश पहली बार प्रकाशित हुए थे। वर्तमान राष्ट्रीय एईएफआई निगरानी कार्यक्रम को सुदृढ़ करने तथा प्रतिरक्षण प्रभाग, स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ-साथ क्षति मूल्यांकन प्रचालन अनुसंधान व पुनरीक्षण हेतु एईएफआई द्वारा प्रबंधन, निगरानी गंभीर मामलों के दस्तावेजीकरण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों पर राष्ट्रीय एईएफआई समिति की सहायता करने के लिए वर्ष 2008 में स्पष्ट भूमिका व उत्तरदायित्वों के साथ एईएफआई सचिवालय की स्थापना का प्रस्ताव किया गया था। एईएफआई सचिवालय आईटीएसयू में स्थापित और दिल्ली में PHF I के कार्यालय में स्थित है। एईएफआई सचिवालय राष्ट्रीय एईएफआई समिति के सानिध्य में और स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रति समग्र जवाबदेही के साथ आईटीएसयू एईएफआई के नेतृत्व में कार्य करेगा। एईएफआई सचिवालय का क्षेत्रीय परामर्शदाता राज्य स्तरीय समन्वयन में सुधार लाने हेतु क्षेत्र स्तरीय प्रतिनिधि होगा जो निर्धारित राज्यों में एईएफआई निगरानी कार्य को सुदृढ़ करेगा।

कार्य विवरण/उत्तरदायित्व

निर्धारित राज्यों में एईएफआई निगरानी कार्यक्रम के कार्यान्वयन में सहायता करना तथा देश में एईएफआई निगरानी कार्यक्रम से विशेष रूप से जुडे फार्मा सतर्कता गतिविधि के प्रबंधन कार्यनीति हेतु वरिष्ठ सलाहकार एईएफआई सचिवालय व एनआरए के साथ मिलकर कार्य करना जिसमें शामिल है।

- **राज्यों में एईएफआई निगरानी सुदृढ़ीकरण व टीका सुरक्षा कार्य**
- एईएफआई की शीघ्र पहचान व जांच सुदृढ़ीकरण में पूर्व-निर्धारित राज्यों (व जिलों) की सहायता करना तथा राष्ट्रीय स्तर पर एईएफआई को रिपोर्ट करना।
- एईएफआई हेतु विकास व विश्लेषण उपकरणों, क्षमता निर्माण व अन्य संबंधित गतिविधियों सहित एईएफआई सचिवालय द्वारा निर्धारित पर्यवेक्षण व समन्वयन कार्य।

- एईएफआई हेतु अनुसंधान व एम एंड ई सहित क्षेत्र (राज्यों व जिलों) में एईएफआई गतिविधियों की कार्यनीति योजना व प्रबंधन में सहायता करना ।
- एईएफआई डाटा विश्लेषण, जिला कार्यक्रम प्रबंधकों की क्षमता को सुदृढ़ करना व कार्यक्रम त्रुटियों के कारण एईएफआई को कम करना।
- क्षति मूल्यांकन में राज्य एईएफआई समितियों, राज्यों व जिला टीकाकरण अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण गतिविधियों का विकास व कार्यान्वयन।
- एईएफआई निगरानी में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का अनुपालन सुनिश्चित करना।
- एईएफआई मामलों से संबंधित मीडिया प्रबंधन में राज्यों की सहायता करना।
- मीडिया व्यक्तियों व सिविल सोसाइटी संगठनों के लिए जिला स्तर पर एईएफआई सचिवालय के दिशानिर्देश में मीडिया प्रबंधन कार्यशाला।
- एईएफआई गतिविधियों की निगरानी हेतु कार्यों पर निर्भर बाह्य जिलों के साथ फिल्ड दौरे करना तथा स्वास्थ्य मंत्रालय, वरिष्ठ सलाहकार एईएफआई तथा प्रतिरक्षण प्रभाग हेतु फीडबैक प्रदान करना।

- **प्रतिरक्षण सुरक्षा हेतु राष्ट्रीय विनियामक प्राधिकरण (एनआरए) के साथ समन्वयन।**

  - टीकाकरण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एनआरए के साथ समन्वयन व क्षेत्रीय अन्वेषण में सहयोग तथा नमूना एकत्रीकरण सहित एईएफआई मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई और नमूनों के अन्वेषण के लिए प्रयोगशालाओं के साथ समन्वयन।
  - सीडीएससीओ और एईएफआई कार्यक्रम से टीकाकरण सुरक्षा आंकड़ों की समीक्षा और एकत्रीकरण का समन्वयन।
  - क्षेत्रों में विभिन्न राज्यों के लिए वार्षिक कार्ययोजनाएं तैयार करने में सहायता।
  - क्षेत्र में भागीदारों और राज्य स्तर पर सहभागियों के साथ मिलकर कार्य करना।

अपेक्षित/वांछित योग्यताएं :

शिक्षा : जन स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधन में 4 वर्ष के अनुभव सहित एमबीबीएस या 1 वर्ष कार्यक्रम अनुभव सहित जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर योग्यता सहित एमबीबीएस / स्नातकोत्तर योग्यता वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

अभ्यर्थी को सांख्यिकी विश्लेषण का ज्ञान होना चाहिए, बड़े स्तर पर और विविध आंकड़ों को एकत्रित करने और विश्लेषण की योग्यता होनी चाहिए तथा अनेक सहभागियों के साथ सौहार्दपूर्वक सूचना साझा करने तथा बहु सांस्कृतिक दल के रूप में कार्य करने की योग्यता होनी चाहिए।

पारिश्रमिक : रु 60,000/- से रु 90,000/-रुपये प्रतिमाह समेकित

पद : 1 (अनारक्षित)

तैनाती : देशभर में डीसीजीआई के आंचलिक कार्यालय

आयु सीमा : 45 वर्ष तक (विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख को)

आवेदन कैसे करें:

कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह निर्धारित आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के ई.मेल mcts.recruitment@nhsrcindia.org **में** दिनांक **24-Jan-2017** को अपराह्न्न **4** बजे तक **अवश्य भेज दे**। केवल निर्धारित ToR **के साथ संलग्न आवेदन पत्र** में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।